>

Title: Regarding the condition of National Highways in the country.

श्री अशोक अर्गल (भिंड): सभापति महोदय, मेरा विषय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 92 एवं 75 से संबंधित है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 92 जो इटावा-ग्वालियर को जोड़ता है, उसमें बीच में भिंड जिला भी आता है। पिछले पन्द्रह दिन से चम्बल के पुल पर बेरियर लगा दिया गया है, उसे पूरी तरह बंद कर दिया गया है। पुल में कुछ खराबी आ गई है जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। मैं चाहता हूं कि इस बारे में तत्काल कुछ कदम उठाए जाएं जिससे वह रास्ता चालू हो।

इसी तरह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75 ग्वालियर-दतिया-झांसी को जोड़ता है। यह नार्थ-साउथ कॉरिडोर का हिस्सा है। इसमें काफी विलंब किया जा रहा है जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है। अभी मैं झांसी गया था। मैंने देखा कि झांसी मात्र सौ किलोमीटर है। मेरी यात्रा चार घंटे में पूरी हुई। गाड़ी मजबूत थी उसके बाद यह स्थिति है। छोटी गाड़ियों की बुरी हालत हो रही है। मैं चाहता हूं कि इसमें तत्काल कदम उठाए जाएं और उन्हें शीघ्र पूरा करवाया जाए।